# चहुं ओर गूंजे श्री रामभक्त के जयकारे







### खास बातें

- वीर हनुमान प्राकट्य उत्सव पर मंदिरों में लगी कतारें
- जगह-जगह निकली शोभायात्रा, हुए कन्याभोज, भंडारे

नवभारत न्यूज

**विदिशा/सिरोंज 2 अप्रैल, नगर में गुरुवार को वीर हनुमान प्राकट्य उत्सव पर चहुं ओर श्री रामभक्त के जयकारें गूंजते रहे. इस दौरान जगह जगह कन्याभोज, भंडारों के साथ ही विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया. श्री हनुमान मंदिरों में भक्तों की दर्शनों के लिए लंबी-लंबी कतारें लगी रही. क्षेत्र में जगह जगह भव्य शोभायात्रा निकाली गई.**

नगर में गुरुवार को वीर हनुमान प्राकट्य उत्सव धूमधाम एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया. इस मौके पर मंदिरों में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ. वही भक्तों द्वारा मंदिरों में भगवान के दर्शन कर पूजा, अर्चना की गई. साथ ही कई मंदिरों में हवन, छप्पन भोग, कन्याभोज एवं भंडारे का आयोजन हुआ. मंदिरों में भगवान के दर्शनों के लिए दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा. इस अवसर पर मंदिरों में विशेष साज सज्जा की गई थी. नगर में विहिप एवं बजरंग दल द्वारा श्री लाल बाबा सेवा समिति सिरोंज के सहयोग से भव्य शोभायात्रा निकाली गई. जो स्थानीय छत्री नाका से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होकर निकली. शोभायात्रा के प्रारंभ में छत्री नाका स्थित श्री हनुमान मंदिर पर पूजा, अर्चना की गई. शोभायात्रा कस्टम पथ, कठाली बाजार, कपड़ा बाजार, चांदनी चौक, राज बाजार, पुराना बस स्टैंड से होकर निकली. शोभायात्रा में लोग श्री रामभक्त के जयकारें लगाते हुऐ चल रहे थे. शोभायात्रा में आकर्षण बैंड बाजों पर उत्साही युवा नाचते हुए चल रहे थे. इस दौरान आकर्षक रथ में वीर हनुमान जी के चित्र को विराजमान किया गया था. इस मौके पर शहर में जगह-जगह विभिन्न संगठनों, समाजसेवियों एवं श्रद्धालुओं द्वारा भगवान की पूजन, आरती की गई. शोभायात्रा का जगह जगह नागरिकों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया. समापन पर आरती एवं प्रसादी वितरण हुआ. शोभायात्रा में बड़ी संख्या में विहिप, बजरंग दल कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु मौजूद थे. वही स्थानीय भैरव पठार स्थित श्री हनुमान मंदिर पर कन्याभोज एवं महाप्रसादी वितरण हुआ. सायं को श्री सुंदरकांड पाठ तथा रात्रि में महाआरती एवं भव्य श्रृंगार दर्शन हुए. वही श्री मंशापूरन हनुमान मंदिर, करीमाबाद स्थित श्री हनुमान मंदिर, छत्री नाका स्थित हनुमान मंदिर, बटैया की बावड़ी स्थित हनुमान मंदिर, इमलानी मार्ग स्थित हनुमान मंदिर, पंचकुईयां स्थित हनुमान मंदिर, भैरव पठार स्थित हनुमान मंदिर, हनुमान मंदिर गनपुरी सहित नगर एवं आसपास के क्षेत्रों के हनुमान मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की दर्शनों के लिए भीड़ लगी रही.

### श्री करेली धाम में हुआ चालीसा का विमोचन

सिद्ध क्षेत्र श्री करेली धाम में श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर नगर के तीन मित्रों ने श्री करेली सरकार को चांदी का छत्र भेंट किया. छत्र अर्पण के दौरान श्री करेली सरकार की ओर से पुष्पमाला प्राप्त होने को श्रद्धालुओं ने अलौकिक चमत्कार के रूप में देखा.नगर के युवा एवं भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के प्रांतीय मीडिया सह प्रभारी सुनील कुमार साहू, प्रसार पीआर कंपनी भोपाल के संचालक अभिलाष ठाकुर एवं संबल झा द्वारा लगभग 3 किलोग्राम का चांदी का छत्र श्री हनुमान जी महाराज करेली सरकार को समर्पित किया गया. वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ विशेष पूजा-अर्चना कर छत्र अर्पण किया गया.छत्र समर्पण के दौरान एक अद्भुत दृश्य देखने को मिला, जब हनुमान जी महाराज के गले से फूलों की माला स्वत: गिर पड़ी. इसे श्रद्धालुओं ने भगवान की असीम कृपा और शुभ संकेत के रूप में स्वीकार किया. इसी दौरान श्री सत्यनारायण कथा का पवित्र वाचन भी किया गया, जिसमें तीनों मित्रों के परिजन, शुभचिंतक, सगे-संबंधी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे.इस अवसर पर नगर के मनोज नामदेव द्वारा रचित श्री करेली सरकार हनुमान चालीसा का विधिवत विमोचन किया गया. चालीसा की विशेष पूजा-अर्चना कर इसे श्री हनुमान जी महाराज करेली सरकार को समर्पित किया गया. कार्यक्रम के दौरान लव-कुश मानस मंडल एवं श्रद्धालुओं द्वारा पवित्र वाचन भी किया गया.अब नगर में प्रतिदिन ध्वनि विस्तारक यंत्रों के माध्यम से श्री करेली सरकार हनुमान चालीसा का प्रसारण किया जाएगा और श्रद्धालु नियमित रूप से इसका वाचन करेंगे. इससे पूरे क्षेत्र में भक्ति का वातावरण और अधिक सुदृढ़ होगा.

### पूर्णिमा पर करीला पहुंचे भक्त

पूर्णिमा पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसिद्ध करीला पहुॅचें एवं करीला में स्थित माता जानकी जी एवं लवकुश जी मंदिर में दर्शन कर आराधना की. वही श्रद्धालुओं द्वारा विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. इस दौरान कई श्रद्धालु पैदल भजन, कीर्तन करते हुए करीला पहुंचे.

### पठारी बनी अवधपुरी, भव्य शोभा यात्रा ने बढ़ाया उत्साह

अंचल में श्री हनुमान जन्म महोत्सव हर्षोल्लाह, श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ बड़े धूमधाम से मनाया गया. सुबह से ही मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला शुरू हो गया. एक दिन पूर्व से अखंड श्री रामायण पाठ का आयोजन कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया गया.श्री हनुमान मंदिरों में सिंदूर अर्पण, प्रसाद वितरण, विशेष श्रृंगार, ध्वज स्थापना, महाआरती और भंडारे जैसे धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए. सिद्ध क्षेत्र श्री करेली धाम में दिनभर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और भक्तों ने दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया.इस अवसर पर नगर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, जो श्री करेली धाम से प्रारंभ होकर तालाब रोड, मुख्य बाजार, श्री राम जानकी राज मंदिर, बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर, श्री पोद्दार मंदिर, बड़ी माता मंदिर, पठार वाले हनुमान मंदिर, हर छठ माता मंदिर और संजय नगर होते हुए पुनः करेली धाम पहुंची. शोभा यात्रा के दौरान करेली सरकार की घर-घर महाआरती की गई तथा श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया.पूरे नगर को भगवा ध्वजों से सजाकर अयोध्या जैसी दिव्यता प्रदान की गई. ग्राम पंचायत पठारी द्वारा मुख्य बाजार में फल प्रसादी का वितरण भी किया गया, जिससे श्रद्धालुओं में उत्साह और बढ़ गया.

### झांकियां बनीं मुख्य आकर्षण

इंदौर की नटवर शास्त्री की क्रिएटिव इवेंट द्वारा प्रस्तुत चलित झांकियां शोभा यात्रा का प्रमुख आकर्षण रहीं. इनमें श्री राम-जानकी दरबार, श्री राधा-कृष्ण और हनुमान जी की मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया. विशेष रूप से राधा-कृष्ण की नृत्य प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया.शोभा यात्रा में सभी जाति, वर्ग और संप्रदाय के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया. वरिष्ठ नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों, युवाओं और महिलाओं की बड़ी संख्या ने अपनी सहभागिता दर्ज कराते हुए सामाजिक समरसता और आस्था का सुंदर संदेश दिया.

### धूमधाम से मनाया गया पवन पुत्र हनुमान का जन्मोत्सव



पवन पुत्र बजरंगबली का जन्मोत्सव शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव के साथ धूमधाम से मनाया गया. सुबह से ही नगर के सभी हनुमान मंदिरों में पूजन, हवन और धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला शुरू हो गया. दिनभर मंदिरों में पुरुष, महिलाएं और बच्चों की भारी भीड़ दर्शन के लिए उमड़ती रही.नगर की चारों दिशाओं में स्थित हनुमान मंदिरों में विशेष सजावट की गई. बुजुर्गों का कहना है कि शहर की रक्षा और सुरक्षा स्वयं बजरंगबली के हाथों में है. खड़े हनुमान मंदिर सहित अन्य प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं का लगातार आवागमन बना रहा और पूरा शहर 'जय बजरंगबली' के जयकारों से गूंजता रहा.अवसर पर भव्य चल समारोह निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए शामिल हुए. भगवान श्रीराम परिवार की आकर्षक झांकियां श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं. पूरे बाजार क्षेत्र में बजरंगबली के होर्डिंग लगाए गए और जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर चल समारोह का स्वागत किया.श्रद्धालुओं की सेवा में विभिन्न स्थानों पर ठंडा पानी, शरबत, फल, लस्सी और गन्ने के रस की व्यवस्था की गई. रेलवे स्टेशन स्थित हनुमान मंदिर पर सुबह से ही भारी भीड़ देखने को मिली. यहां चना, चिरौंजी, नारियल और मिठाई का प्रसाद वितरित किया गया.भजन मंडलियों द्वारा भक्ति भाव से प्रस्तुतियां दी गईं, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया. जन्मोत्सव के अवसर पर पूरे नगर में उत्साह और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला.

### गुलाबगंज में मंदिरों में पूजा-अर्चना, निकला भव्य जुलूस

गुलाबगंज. मारूति नंदन श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव नगर में हर्ष, उल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया गया. प्राचीन श्री हनुमान मंदिर में मुख्य पुजारी दिनेशानंद महाराज द्वारा श्री हनुमान जी की मूर्ति का नयनाभिराम श्रृंगार किया गया तथा विधि-विधान से हवन संपन्न कराया गया. जन्मोत्सव के अवसर पर आरती कर मिष्ठान भोग अर्पित किया गया.इसके साथ ही श्री राम मंदिर एवं रेलवे स्टेशन स्थित हनुमान मंदिर में भी जन्मोत्सव बड़े उत्साह और आनंद के साथ मनाया गया. पूरे नगर में भक्ति का वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया.अवसर पर श्री हनुमान जी का भव्य जुलूस भी निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए. नगरवासियों ने अपने-अपने घरों पर पूजन कर प्रसाद अर्पित किया.

### एक नजर में
#### प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में छात्राओं का किया स्वागत

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मण्डी में बुधवार को सत्र 2026-27 की शुरुआत के अवसर पर प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती अंजली मनोज यादव, पूर्व जनपद अध्यक्ष एवं वर्तमान भाजपा जिला उपाध्यक्ष उपस्थित रहीं.कार्यक्रम की शुरुआत छात्राओं को तिलक लगाकर शाला में स्वागत के साथ हुई. इस दौरान छात्राओं में खासा उत्साह देखने को मिला.मुख्य अतिथि श्रीमती अंजली मनोज यादव ने अपने संबोधन में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए शिक्षकों एवं छात्राओं के देश निर्माण में योगदान को लेकर अपने अनुभव साझा किए. उन्होंने छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया.

## खीर-पूरी से हुआ सत्कार, मेधावी व नियमित छात्रों का सम्मान

#### आरती-तिलक से नन्हें विद्यार्थियों का स्वागत

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा. शासकीय प्राथमिक शाला वार्ड क्रमांक 4 चक स्वरूप नगर में मंगलवार को प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. पहली कक्षा में प्रवेश लेने वाले नन्हें विद्यार्थियों का पारंपरिक तरीके से आरती उतारकर, तिलक लगाकर और पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया. विद्यालय के प्रवेश द्वार पर शिक्षकों ने बच्चों का आत्मीय अभिनंदन किया, वहीं बड़े विद्यार्थियों ने तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया.**

उत्सव के दौरान शासन की योजना के तहत सभी नवप्रवेशी बच्चों को निशुल्क पाठ्यपुस्तकें वितरित की गई. मध्यान्ह भोजन में विशेष रूप से खीर, पूरी और आलू की सब्जी परोसी गई, जिससे बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला. पूरे विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल बना रहा.इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 13 की पार्षद सरोज रामबाबू रघुवंशी, प्रधान अध्यापिका श्रीमती सीमा ठाकुर, शिक्षिका अंजना शर्मा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आभा शर्मा, पालक-शिक्षक संघ के अध्यक्ष बंटी कुशवाह, सामाजिक कार्यकर्ता देवेंद्र रघुवंशी, वार्ड के योगेश अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.

कार्यक्रम में शैक्षणिक व सहशैक्षणिक उपलब्धियों के लिए विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया. ओलंपियाड में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले हर्ष कुशवाह, कक्षा 5 में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर शौर्य राजपूत तथा सर्वाधिक उपस्थिति के लिए कक्षा 4 की काव्या राजपूत को विशेष रूप से सम्मानित किया गया. कार्यक्रम के माध्यम से विद्यालय प्रबंधन ने न केवल नए विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत किया, बल्कि शिक्षा के प्रति जागरूकता और उत्साह का संदेश भी दिया.

### घर में घुसी बाइक युवक की मौत

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** सिरोंज-लटेरी मार्ग पर टोरी बागरोद क्षेत्र में बुधवार को दोपहर में एक बाइक अनियंत्रित होकर एक घर में घुस गई. इस घटना में बाइक सवार युवक की मौत हो गई. जबकि घर पर मौजूद एक महिला घायल हो गई. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अचारपुरा भोपाल निवासी एक युवक बाईक से लटेरी की ओर जा रहा था. इस दौरान सिरोंज-लटेरी मार्ग पर टोरी बागरोद क्षेत्र में बुधवार को उसकी बाईक अनियंत्रित होकर एक घर में घुस गई. इस घटना में बाइक सवार युवक की मौत हो गई.

## कुंए में मिला लापता युवक का शव



नवभारत न्यूज

**सिरोंज, स्थानीय पंचकुईयां के समीप के क्षेत्र में स्थित एक कुएं में गुरुवार को सुबह एक लापता युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई. मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की. युवक के शव का पोस्टमार्टम कराया गया.**

सूत्रों से मिली जानकारी के गत दिवस युवक नीरज शर्मा लापता हो गया था. जिसकी परिजनों द्वारा लगातार तलाश की जा रही थी. वहीं युवक का शव गुरुवार को सुबह स्थानीय पंचकुईयां के समीप के क्षेत्र में घर के पास स्थित एक कुएं में मिला. जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई. मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की.

## एक शिक्षकीय शाला की बेहतरीन व्यवस्थाओं से जिला दल प्रभावित

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 के प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के दूसरे दिन जिला स्तरीय निरीक्षण दल ने विकासखंड की विभिन्न शालाओं का सघन निरीक्षण किया. इस दौरान जिला ओआईसी अधिकारी आर.बी. सक्सेना जब शासकीय माध्यमिक विद्यालय सेमरी पहुंचे, तो एक शिक्षकीय शाला होने के बावजूद वहां की बेहतरीन व्यवस्थाओं को देखकर उन्होंने प्रधानाध्यापक सैयद शफाकत हुसैन कादरी की भूरी-भूरी प्रशंसा की.

निरीक्षण के दौरान विद्यालय विधिवत संचालित पाया गया. प्रवेशोत्सव के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. नवप्रवेशी विद्यार्थियों को तत्काल पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया जा रहा है. विद्यालय परिसर साफ-सुथरा मिला तथा बालक-बालिकाओं के शौचालय भी सुचारु रूप से संचालित पाए गए.विद्यालय परिसर में औषधीय एवं धार्मिक महत्व के पौधे भी लगाए गए हैं, जिन्हें देखकर अधिकारियों ने इसे जिला स्तर पर अनुकरणीय उदाहरण बताया. जिला एपीसी अधिकारी दिनेश श्रीवास्तव ने कहा कि एक शिक्षकीय शाला होने के बावजूद इतनी उत्कृष्ट व्यवस्थाएं होना विकासखंड गंजबासौदा के लिए गौरव की बात है. उन्होंने कहा कि ऐसे समर्पित शिक्षकों के प्रयासों से शासकीय विद्यालयों के परिणाम लगातार बेहतर हो रहे हैं.

## विधायक मुकेश टंडन ने किया ओलावृष्टि प्रभावित क्षेत्रों का दौरा



नवभारत न्यूज

**विदिशा. विदिशा विधायक मुकेश टंडन ने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ओलावृष्टि से प्रभावित ग्रामों का दौरा कर किसानों की स्थिति का जायजा लिया. उन्होंने बुधवार रात फोन के माध्यम से जानकारी लेने के बाद गुरुवार सुबह से ही प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण शुरू किया.**


विधायक ने गुलाबगंज क्षेत्र के ग्राम बर्रीघाट, धतुरिया, रुसल्ली खजूरी सहित अन्य गांवों का दौरा किया. इस दौरान उन्होंने किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं.मुकेश टंडन ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर सर्वे दल गठित कर दिए गए हैं और जल्द ही हर खेत का आकलन किया जाएगा. उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन गांवों में 100 प्रतिशत नुकसान हुआ है, वहां प्राथमिकता के आधार पर सर्वे कार्य शीघ्र पूरा किया जाए. ऐसे में फसल के उठाव से पहले ही सर्वे कार्य पूरा होना आवश्यक है, ताकि किसानों को उचित मुआवजा मिल सके.विधायक ने मंत्री शिवराज सिंह चौहान और सीएम मोहन यादव से भी अपील करते हुए कहा कि बारिश के कारण कटाई के दौरान गेहूं में मिट्टी मिलने की समस्या सामने आएगी.

**परेशानी** | **करोड़ों के विकास दावों के बीच मूलभूत सुविधा नहीं, खुले में निस्तार को मजबूर लोग**

## विश्व धरोहर सांची बसस्टैंड पर मूत्रालय का अभाव, पर्यटक व महिलाएं परेशान

नवभारत न्यूज

**सांची. विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक एवं पर्यटन स्थल सांची में विकास के बड़े-बड़े दावों के बावजूद मूलभूत सुविधाओं का अभाव साफ नजर आ रहा है. नगर के बसस्टैंड परिसर में अब तक मूत्रालय की समुचित व्यवस्था नहीं हो सकी है, जिससे स्थानीय नागरिकों, दुकानदारों और देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है.**



बसस्टैंड क्षेत्र में दिनभर यात्रियों की आवाजाही बनी रहती है, लेकिन मूत्रालय न होने के कारण लोग मजबूरी में खुले में निस्तार करते देखे जा सकते हैं. इससे न केवल असुविधा होती है, बल्कि नगर की छवि भी प्रभावित हो रही है. खासकर महिलाओं और युवतियों के लिए यह समस्या अधिक गंभीर है, जिन्हें निस्तार के लिए भटकना पड़ता है और कई बार असहज स्थिति का सामना करना पड़ता है.

जानकारी के अनुसार, सांची की ऐतिहासिक महत्ता को देखते हुए यहां करोड़ों रुपये के विकास कार्यों के दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर मूलभूत सुविधाएं अब भी उपेक्षित हैं. बसस्टैंड परिसर इसका प्रमुख उदाहरण बन गया है. क्षेत्र में शासकीय भूमि पर बढ़ते अतिक्रमण के बावजूद प्रशासन की ओर से ठोस कार्रवाई नजर नहीं आ रही है, जिससे व्यवस्थाएं और भी बदहाल हो रही हैं.स्थानीय दुकानदारों की स्थिति भी चिंताजनक है. उन्हें अपनी दुकानें छोड़कर दूर शौचालय के लिए जाना पड़ता है, जिससे उनके व्यवसाय पर असर पड़ता है. इस दौरान आवारा पशु दुकानों में रखे सामान को नुकसान पहुंचा देते हैं.व्यापारी महासंघ अध्यक्ष संतोष दुबे ने बताया कि बसस्टैंड विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल का हिस्सा होने के बावजूद यहां मूलभूत सुविधाओं का अभाव है. पहले यहां मूत्रालय मौजूद थे, जिन्हें हटा दिया गया. वर्तमान में शौचालय दूर होने के कारण व्यापारी और पर्यटक दोनों ही परेशान हैं.वहीं नगर परिषद सांची के अध्यक्ष पप्पू रेवाराम ने बताया कि रैन बसेरा और नवीन विश्राम गृह निर्माण के साथ शौचालय व मूत्रालय की व्यवस्था प्रस्तावित है. फिलहाल अस्थायी रूप से बसस्टैंड के पीछे मूत्रालय की व्यवस्था कराई जा रही है, ताकि लोगों को कुछ राहत मिल सके.जब तक बसस्टैंड जैसे प्रमुख स्थलों पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित नहीं होंगी, तब तक विकास के दावे अधूरे ही माने जाएंगे.

## मोरल साइंस को पाठ्यक्रम में शामिल करने की तैयारी

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** स्थानीय सेंट एस.आर.एस. पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल की बालक-बालिका इकाइयों का सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर ग्राम हरदूखेड़ी के प्राथमिक स्कूल परिसर में आयोजित किया जा रहा है. शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने गांव में जागरूकता रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया तथा साक्षरता सर्वे कर श्रमदान भी किया.

कार्यक्रम अधिकारी कृष्णपाल सिंह चौहान, बालिका इकाई प्रभारी श्रीमती रजनी गुप्ता एवं शिक्षकों के निर्देशन में स्वयंसेवकों ने गांव में स्वच्छता अभियान चलाया. शिविर के बौद्धिक सत्र में फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. सुनील चौहान ने कहा कि जीवन के लिए शुद्ध हवा, भोजन और पानी आवश्यक हैं, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में ये तीनों ही प्रभावित हो रहे हैं. उन्होंने बताया कि हरी सब्जियां, दालें और मुनगा जैसे खाद्य पदार्थ शरीर के लिए आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करते हैं. साथ ही व्यायाम और प्लास्टिक के उपयोग से बचने की सलाह दी.डॉ. चौहान ने यह भी कहा कि सरकार मोरल साइंस को पाठ्यक्रम में शामिल करने की दिशा में विचार कर रही है, जिससे विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों का विकास हो सके. उन्होंने यातायात नियमों के पालन और देशभक्ति जैसे मूल कर्तव्यों की भी प्रेरणा दी.